भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 623
गुरूवार, 24 जुलाई, 2025/2 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## कर्णाटक में पारिस्थितिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना

**623 श्री लहर सिंह सिरोया:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कर्णाटक के कूर्ग, गोकर्ण, श्रवणबेलगोला और चिक्कमगलूरु जैसे स्थलों में पारिस्थितिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई पहल की है;

(ख) इसके लिए स्वदेश दर्शन 2.0 और प्रसाद योजनाओं के तहत क्या सहायता प्रदान की गई है; और

(ग) इन क्षेत्रों में अंतिम छोर तक संपृक्तता और पर्यटक सुविधाओं में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गए है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पारिस्थितिक और आध्यात्मिक पर्यटन सहित पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से कर्नाटक में पारिस्थितिक और आध्यात्मिक पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों के विकास और संवर्धन द्वारा राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने कर्नाटक के कूर्ग, गोकर्ण, श्रवणबेलगोला और चिक्कमगलूरु जैसे पर्यटन स्थलों में किसी भी अवसंरचना संबंधी विकास की परियोजना को मंजूरी नहीं दी है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय ने कर्नाटक में अपनी वर्तमान में चल रही योजनाओं के तहत विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

योजनाओं के अंतर्गत प्रमुख पहलों में पर्यटक सुविधा केंद्र, अन्नदानम केंद्र, प्रतीक्षालय, क्लॉक रूम, जन सुविधा, कैफेटेरिया, कैनोपी वॉक, फूड प्लाजा और कियोस्क, सूचना बोर्ड, इंटरैक्टिव डिस्प्ले, ट्रैवलर्स नूक्स आदि शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, स्थल तक संपर्कता में सुधार के लिए कई घटकों को मंजूरी दी गई है, जिनमें पहुंच मार्ग का विकास, सड़क का चौड़ीकरण और उनका सौंदर्यीकरण, गंतव्य प्रवेश बिंदुओं अर्थात यात्री टर्मिनलों का विकास शामिल है।

*****

**अनुबंध**

श्री लहर सिंह सिरोया द्वारा कर्णाटक में पारिस्थितिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 24.07.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 623 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**कर्नाटक में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्नाटक | श्री चामुंडेश्वरी देवी, मैसुरू में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.38 |
| 2. | कर्नाटक | रेणुका यल्लमा देवी मंदिर का विकास | 2024-25 | 18.37 |
| 3. | कर्नाटक | पापनाश मंदिर, बीदर जिले में मूलभूत सुविधाओं का विकास। | 2024-25 | 22.25 |

**कर्नाटक में स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **स्वीकृति वर्ष** | **गंतव्य** | **अनुभव का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्नाटक | 2023-24 | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 25.63 |
| 2. | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरिएन्स जोन | 2.71 |
| 3. | कर्नाटक | 2023-24 | मैसूरु | इकोलोजिकल एक्सपीरिएन्स जोन | 18.48 |

*****